कार्यालय निदेशक सी०एण्ड डी०एस०, उ.प्र. जल निगम, लखनऊ
डायरी सं० 1831
दिनांक 13/6/25

**महत्वपूर्ण**


दूरभाषः 2237604 (का0)/ मो0:9454786113

**बृजेश यादव,**
निदेशक,


अ0शा0प0सं0– 123 /01/प्रा0र0मू0प्र0/2025


**व्यय वित्त समिति सचिवालय**
(प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग)
राज्य नियोजन संस्थान,उत्तर प्रदेश
628, योजना भवन, लखनऊ।


**दिनॉक : 12 जून, 2025**

आदरणीय महोदय/महोदया,

कृपया व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 30.05.2025 को प्रदेश में ऑडिटोरियम के स्थान पर मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में अध्यक्ष व्यय वित्त समिति द्वारा कतिपय निर्देश दिये गये हैं। बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

सादर,

भवदीय,

(बृजेश यादव)

All. C.G.M.

संलग्नक–उपरोक्तानुसार

DIRECTOR 13/6/2025

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
   उ0प्र0 शासन।
2. प्रबन्ध निदेशक/निदेशक/प्रमुख अभियंता
   समस्त कार्यदायी संस्थाएं, उ0प्र0 लखनऊ।

GM-5/3

CM-I

कोड 02/02.05.2025(25-26)

# व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 30.05.2025 का कार्यवृत्त

विषयः कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में ऑडिटोरियम (1500 व्यक्तियों की क्षमता) के निर्माण से सम्बन्धित प्रस्तावित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन के सम्बन्ध में व्यय वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण।

उपस्थिति-

(1) श्री रविन्द्र, प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन।

(2) श्री राजेन्द्र प्रसाद, संयुक्त सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

(3) श्री सी0पी0 गुप्त, मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।

(4) श्री राजीव सिंह, महाप्रबन्धक (तकनीकी), उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम।

(5) श्री पी0के0 चौरसिया, मुख्य महाप्रबन्धक, सी0एण्डडी0एस0, उ0प्र0 जल निगम।

(6) श्री सौरभ श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम।

(7) श्री बृजेश यादव, निदेशक, प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, उ0प्र0।

2- कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में ऑडिटोरियम (1500 व्यक्तियों की क्षमता) के निर्माण से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 02.05.2025 में समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किये गये थेः-

(1) जनपद अयोध्या स्थित आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के मुख्य परिसर में 1500 क्षमता के आडीटोरियम के निर्माण कार्य से सम्बन्धित विस्तृत प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 4639.44 लाख)

(2) जनपद मेरठ में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय परिसर में 1500 क्षमता के ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 4266.37 लाख)

(3) जनपद बांदा में बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा परिसर में 1500 क्षमता के ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रायोजना प्रस्ताव/आगणन (प्रस्तावित लागत रू0 4977.74 लाख)

क्रमशः...2

3- उपर्युक्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के उपरान्त समिति द्वारा ऑडिटोरियम की उपयोगिता एवं अनुरक्षण/रख-रखाव इत्यादि के दृष्टिगत ऑडिटोरियम के निर्माण के स्थान पर मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉलपर भी विचार किये जाने तथा लोक निर्माण विभाग के वास्तुविदों एवं निजी क्षेत्र के वास्तुविदों से उपर्युक्त मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल की डिजाइन/ड्राइंग एवं तद्नुसार लागत प्रस्ताव तैयार कराकर व्यय वित्त समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

4- उपर्युक्त के क्रम में निम्नलिखित लोक निर्माण विभाग एवं निजी क्षेत्र के वास्तुविदों द्वारा मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल की डिजाइन/ड्राइंग एवं फसाड इत्यादि का व्यय-वित्त समिति की उपर्युक्त बैठक दिनांक 30.05.2025 में समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गयाः-

(1) लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ

(2) वास्तुविद्, आर्क एण्ड डिज़ाइन, लखनऊ

(3) वास्तुविद्, विज़न आर्किटेक्ट एण्ड इंटीरियर डिज़ाइनर्स, लखनऊ

(4) मिडास कंसल्टेंट्स, आर्किटेक्टस एण्ड इंटीरियर डिज़ाइनर्स, लखनऊ

5- उपर्युक्त प्रस्तुतीकरण में समिति द्वारा प्रदेश में ऑडिटोरियम के स्थान पर मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नयत् निर्देशित किया गयाः-

(1) प्रशासकीय विभागों द्वारा शासकीय भवनों में ऑडिटोरियम की निर्माण लागत, अनुरक्षण व्यय एवं उसकी अल्प उपयोगिता के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त विभागों द्वारा ऑडिटोरियम के निर्माण के स्थान पर मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कराया जाये, जिससे मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल का Optimum (अनुकूलतम) उपयोग किया जा सके।

(2) प्रशासकीय विभागों द्वारा ऑडिटोरियम का निर्माण अत्यन्त आवश्यकता एवं उपयोगिता होने पर विशेष परिस्थितियों में ही विभाग के सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त मेरिट के आधार पर कराया जाये।

क्रमशः...3

(3) प्रशासकीय विभागों द्वारा मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल के निर्माण हेतु निर्माण स्थल के चयन में यह ध्यान रखा जाये कि उक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर का संचालन पीपीपी मोड पर कराया जाना सम्भव हो सके।

(4) प्रशासकीय विभाग की सुविधा हेतु उपर्युक्त प्रस्तुतीकरण में प्रदर्शित की गयी मल्टीपरपज हॉल/ऑडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल की ड्राइंग/डिजाइन समस्त विभागों को पत्र के माध्यम से अलग से उपलब्ध करायी जायेगी।

**(कार्यवाहीः समस्त प्रशासकीय विभाग/ समस्त कार्यदायी संस्था)**

02.06.2025

**(बृजेश यादव)**
निदेशक, पी0एफ0ए0डी
सदस्य- संयोजक

**(सी0पी0 गुप्त)**
मुख्य अभियंता (भवन),
लो0नि0वि0- सदस्य

**(दीपक कुमार)**
अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त
अध्यक्ष, व्यय वित्त समिति